23/7

O/C

<u>अनुस्मारक पत्र</u>

प्रेषक,

पारूल वर्मा
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नम्बर–8,फतेहपुर।

सेवा में,

श्रीमान रजिस्ट्रार जनरल
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद।

द्वारा माननीय जनपद न्यायाधीश
फतेहपुर।

पत्रांकः / प्रशा0 / फतेहपुर, दिनांकित ....

विषयः पूर्व निवास स्थान 325 / बी गंगानगर जिला मेरठ के स्थान पर वर्तमान स्थायी पता ग्राम व पोस्ट करमूखेड़ी थाना कोतवाली जिला शामली <u>परिवर्तित किए जाने के सम्बंध में:–</u>

महोदय,

उपरोक्त के सम्बंध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में दिनांक 21.06.2019 को सचिव नियुक्ति विभाग–4 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को पत्र मय संलग्नक लिखा गया था, जिसकी प्रतिलिपि श्रीमान महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को प्रेषित की गई थी। तत्पश्चात दिनांक 03.12.2019 को डिप्टी रजिस्ट्रार (एम) माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद का पत्र प्राप्त हुआ था, जिसमें शासन से पत्राचार होने के पश्चात ही भविष्य में आवश्यक कार्यवाही किए जाने का उल्लेख किया गया। तदोपरान्त नियुक्ति विभाग–4 उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ से पत्र दिनांकित 20.02.2020 की प्रतिलिपि प्राप्त हुई, जिसमें प्रश्नगत प्रकरण के सम्बंध में श्रीमान् महानिबंधक माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की संस्तुति / प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराने का उल्लेख किया गया। उक्त पत्राचार में एक वर्ष से अधिक का समय व्यतीत हो चुका है, किन्तु अभी तक कोई भी सार्थक कार्यवाही शासन स्तर से नहीं हुई है।

अतः महोदय से सादर निवेदन है कि उक्त संदर्भ में वांछित संस्तुति / प्रस्ताव को शासन में भिजवाने की कृपा करे, जिससे कि हाईकोर्ट वेवसाइट व अन्य प्रपत्रों में अधोहस्ताक्षरी के पूर्व पते 325 / बी गंगानगर जिला मेरठ के स्थान पर वर्तमान स्थायी पता ग्राम व पोस्ट करमूखेड़ी थाना कोतवाली जिला शामली के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

सादर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, फतेहपुर
पत्रांक संख्या 1727/I दिनांक 22/7/2020
अग्रसारित
जनपद न्यायाधीश
फतेहपुर
22/7/2020

भवदीया

22/7/20

(पारूल वर्मा)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
कोर्ट नम्बर–8,फतेहपुर।

दिनांक 22.07.2020

<u>**संलग्नकः**</u>

1– आधार कार्ड की छाया प्रति,
2– डोमिसाईल सर्टीफिकेट छाया प्रति,
3– शासन से प्राप्त पत्र दिनांकित 20.02.2020 की छाया प्रति।